**09/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

भारत और नामीबिया ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नामीबिया में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग पर भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सीडीआरआई और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में नामीबिया के शामिल होने के लिए स्वीकृति पत्र प्रस्तुत किए गए। नामीबिया की राजधानी विंडहोक स्थित स्टेट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नामीबिया के राष्ट्रपति **नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह** के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद इन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

0000000000000000000000

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान की सहकारिता से जुड़ी महिलाओं और अन्य कार्यकर्ताओं से बातचीत की। श्री शाह ने कच्छ जिले की ऊँट प्रजनक मालधारी सहकारी समिति की मीरालबेन रबारी से भी बातचीत की।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने तिरप जिले के पूर्व विधायक कापचेन राजकुमार के असामयिक और दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया है।

अपने संदेश में, राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय राजकुमार एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थे, जिनकी तिरप के लोगों के कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और उनकी करुणा को हमेशा सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी पूर्व विधायक के दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री खांडू ने कहा कि स्वर्गीय कापचेन राजकुमार की जन कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता और तिरप के विकास के लिए उनका अथक प्रयास एक स्थायी विरासत छोड़ जाएगा।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग ने एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रैनिंग इंस्टिट्युट के सहयोग से आज नाहरलागुन में अपने सदस्यों के लिए एक दिवसीय ऑरियटेशन-कम-ट्रैनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए, APSCW के सदस्य सचिव, याकार दावे ने कार्यक्रम के उद्देश्य और लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। एटीआई डायरेक्टर, पाते मारिक ने नई टीम को बधाई देते हुए उन्हें महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर काम करने और जिलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सदस्यों को APSCW अधिनियम 2002 के उन प्रावधानों में संशोधन करने का सुझाव दिया जो अप्रचलित और अब प्रासंगिक नहीं हैं।

0000000000000000000000

तवांग टाउन मजिस्ट्रेट सांगेय नोरबू के नेतृत्व में फ्लाइंग स्क्वॉड द्वारा आज तवांग के ऑल्ड मार्केट का इंस्पेक्शन किया गया। इंस्पेक्शन के दौरान, 100 किलोग्राम प्लास्टिक ज़ब्त कर उसे रीसाइक्लिंग और सेग्रीगेट करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। इस अवसर श्री नोरबू ने कहा कि यह पहल एक स्वच्छ, हरित और प्लास्टिक-मुक्त तवांग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने दुकानदारों और नागरिकों से पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

पारंपरिक हर्बल चिकित्सक, पद्मश्री यानुंग जामोह लेगो को आज पासीघाट स्थित सिगार सैन्य स्टेशन में सम्मानित किया गया। उन्हें स्वदेशी ज्ञान प्रणाली के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और अथक मिशन के लिए स्पीयर कोर के कमांडर द्वारा सम्मानित किया गया।

0000000000000000000000

ग्रामीण युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रा दादी ज़िला राज्य में अपना पहला रुरल एम्प्लॉइमेंट ट्रैनिंग इंस्टिट्युट - RSETI स्थापित करने जा रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, अरुणाचल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय को प्रस्तुत करने के लिए दस्तावेज़ तैयार किए जा रहे हैं। नया RSETI राज्य में ज़िला-व्यापी विकास और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

0000000000000000000000

स्व-रोज़गार और ग्रामीण उद्यम को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, अरुणाचल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने कल हापोली के अबोतानी हॉल में 'उद्यमी पंजीकरण मेला' का सफल आयोजन किया। मेले का उद्घाटन करते हुए, अतिरिक्त उपायुक्त हिमानी मीना ने गैर-सरकारी संगठनों को अपने उत्पादों की माँग और विपणन क्षमता बढ़ाने के लिए उनके मानकीकरण और ब्रांडिंग के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने गैर-सरकारी संगठनों से आगे के विपणन संबंधों के लिए तकनीक और ई-मार्केटिंग या फेसबुक, एमेज़ोन जैसे डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करने का भी आग्रह किया। मेले में सैकड़ों ग्रामीण उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह सदस्यों और नवोदित स्थानीय व्यवसायियों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि भारत को एक ऐसी स्मार्ट रणनीति बनानी चाहिए जो शैक्षणिक ज्ञान को सामाजिक भलाई के साथ जोड़कर समाज की आकांक्षाओं और ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करे। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली द्वारा नई दिल्ली में आयोजित "भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा शिक्षा: अवसर एवं चुनौतियाँ" विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए, श्री प्रधान ने कहा कि भारत 2070 तक शुद्ध-शून्य ऊर्जा प्रतिबद्धता प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है।

0000000000000000000000

भारत के पुरुष हॉकी टीम ने नीदरलैंड के आइंडहोवन स्थित हॉकी क्लब ओरांजे-रूड में आयरलैंड को 6-1 से हराकर अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। भारत का अगला मुकाबला आज रात फिर आयरलैंड से होगा।

0000000000000000000000